Ministry of Information & Broadcasting
Government of India
WORLD AUDIO VISUAL & ENTERTAINMENT SUMMIT
Connecting Creators, Connecting Countries.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने दक्षिण भारतीय फिल्म संघों के साथ वर्चुअल बैठक की; तकनीशियनों, निर्माताओं और निर्देशकों से वेव्स 2025 में शामिल होने का आग्रह किया

## वेव्स 2025 का लक्ष्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप सभी मीडिया क्षेत्रों को एकजुट करना है; केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग से जोरदार प्रतिनिधित्व का आह्वान किया

## डॉ. एल. मुरुगन ने वेव्स 2025 में दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के लिए विशेष मंडप बनाने का आह्वान किया, प्रमुख प्रोडक्शन हाउसों को शामिल किया

Posted On: **02 APR 2025 6:47PM** | Location: **PIB Delhi**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने **तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले फिल्म संघों** के अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू, संयुक्त सचिव (आईपी) श्री सी. सेंथिल राजन और संयुक्त सचिव (फिल्म) डॉ. अजय नागभूषण एमएन भी शामिल हुए।



## वेव्स 2025 में दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग की भागीदारी

**यह मुख्य चर्चा आगामी प्रथम विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स)** की प्रगति पर केंद्रित थी, **जो 1 से 5 मई, 2025 तक** आयोजित किया जाएगा । बैठक में तकनीशियनों, निर्माताओं, निर्देशकों और अभिनेताओं सहित दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग से अधिकतम भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसमें प्रमुख प्रोडक्शन हाउस की भागीदारी और वेव्स प्रदर्शनी स्थल पर एक समर्पित मंडप या बूथ बनाए जाने पर भी चर्चा की गई।

## भारत को वैश्विक रचनात्मक दिग्गज के रूप में स्थापित करना

डॉ. एल. मुरूगन ने बैठक का समापन करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि **वेव्स का उद्देश्य** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप सभी मीडिया क्षेत्रों को एक छतरी के नीचे एकजुट करना है। उन्होंने दोहराया कि यह पहल भारत को रचनात्मक उद्योग में वैश्विक दिग्गज के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## वेव्स 2025 के बारे में

मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन, प्रथम विश्व ऑडियों-विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) का आयोजन भारत सरकार द्वारा 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में किया जाएगा।

यह ऐतिहासिक सम्मेलन वैश्विक दिग्गजों, मीडिया पेशेवरों, कलाकारों, नीति निर्माताओं और उद्योग हितधारकों को एक साथ लाएगा। यह डिजिटल युग की चुनौतियों और अवसरों दोनों को प्रस्तुत करता है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्ट्रीमिंग क्रांति, बौद्धिक संपदा अधिकार, गलत सूचना और मीडिया स्थिरता प्रमुख विचारणीय बिन्दु हैं। अपनी तरह के पहले आयोजन के रूप में, **वेव्स 2025** सांस्कृतिक विविधता, नवाचार और मीडिया प्लेटफ़ॉर्म तक समान पहुंच को बढ़ावा देकर इन मुद्दों पर विचार करेगा।

दुनिया को सद्भाव के नजरिए से देखते हुए, वेव्स 2025 सार्थक संपर्क, सहयोगात्मक प्रगति और सांस्कृतिक एकता को प्रेरित करने की आकांक्षा रखता है। यह सत्र डिजिटल युग में देश से देश, लोगों से लोगों और संस्कृति से संस्कृति के बीच सबसे बड़े समन्वित कारक के रूप में मीडिया और मनोरंजन उद्योग की भूमिका को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। वेव्स 2025 साझा चिंताओं, मानवता के समक्ष आने वाली चुनौतियों, साझा अवसरों, सहयोगात्मक विकास

और प्रगति पर ध्यान केंद्रित करके एकता की शक्ति पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण वेव्स 2025 को सद्भाव के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में स्थापित करता है, जो सार्थक संवाद और सीमाओं को पार करने वाली कार्रवाई को बढ़ावा देती है।

मुंबई में वेव्स 2025 की मेज़बानी के माध्यम से, यह सम्मेलन मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के दिग्गजों के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि मीडिया उद्योग तेज़ी से बदलती दुनिया में सबसे बड़े समन्वित कारक के रूप में कैसे काम कर सकता है। यह क्षेत्र सांस्कृतिक कूटनीति के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, जो लोगों, संस्कृतियों और राष्ट्रों के बीच के अंतर को दूर करता है।

****

**एमजी/आरपीएम/केसी/जेके/एसवी**

**Release ID:** (Release ID: 2118022) | **Visitor Counter:** 286

Read this release in: Odia , English , Urdu , Nepali , Gujarati , Tamil , Telugu , Kannada , Malayalam

Print Page Download PDF